pan>

Title: Need to take care of mental health of the people.

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब): चेयरमैन सर, आज मैं यहां पर अपने क्षेत्र की बात या पंजाब की बात नहीं करूंगा, मैं देश की बात करूंगा। सर, कोरोना से हमने लड़ लिया। हमारे साइंटिस्ट्स ने उसकी दवाई बना ली। ठीक है कि उसकी थर्ड वेव आई है, मगर हम जल्दी काबू पा लेंगे, परंतु जितने लोग कोरोना से एक महीने में मरते हैं, उससे ज्यादा लोग आज हमारे देश में कैंसर से मर रहे हैं। आज उससे कहीं ज्यादा लोग डायबिटीज़ से मर रहे हैं। आज उससे कहीं ज्यादा लोग हाइपरटेंशन से मर रहे हैं। आज उससे कहीं ज्यादा लोग मेंटल हेल्थ की वजह से मर रहे हैं, जिसकी हमें ताज़ा मिसाल मिली है कि हमारे दो एमपी एक महीने के भीतर हमसे बिछड़ गए। वह भी मेंटल हेल्थ की एक ऐसी स्टेट रहती है।

सर, चाहे हम इधर बैठे हों, चाहे सामने बैठे हों, चाहे यहां हों, सभी लोग मुझसे सहमत होंगे और हम सबका दायित्व बनता है कि इसे प्रायोरिटी पर सरकार ले। सब कुछ छोड़ कर इन मसलों का हल करना जरूरी है। देश के लोगों को जागरुक करना जरूरी है। हमें हर हॉस्पिटल में इसके कैंप लगाने चाहिए। लोगों को जागरूक करना चाहिए, स्किल करना चाहिए और दवाई का इलाज करना चाहिए। धन्यवाद।